-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 16.06.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **थाना जसपुरा पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों से चोरी करने वाले अंतरजनपदीय शातिर वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 16.06.2026 को थाना जसपुरा पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों से चोरी करने वाले शातिर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि थाना जसपुरा क्षेत्रांतर्गत राजकीय हाईस्कूल एवं एक किराने की दुकान में चोरी अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसके सम्बन्ध में थाना जसपुरा में अभियोग पंजीकृत करते हुए चोरी की घटना का अनावरण करते हुए घटना में शामिल 02 अभियुक्तों को दिनांक 15.06.2026 को गिरफ्तार किया गया था तथा घटना में शामिल अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया था। जिसके क्रम में आज दिनांक 16.06.2026 को थाना जसपुरा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले एक अन्य अभियुक्त को भरुवा-जसपुरा मार्ग से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने थाना जसपुरा क्षेत्रान्तर्गत हुई चोरी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए बताया कि उसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर माह फरवरी में एक विद्यालय तथा माह मई में एक किराना की दुकान में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था। तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से चोरी के सामानों की बिक्री से प्राप्त 1300/ रुपए बरामद हुए है। प्रकरण में और गहनता से जांच की जा रही है कि इनके द्वारा और किन-किन स्थानों से चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है साथ इनके गिरोह में और कौन-कौन शामिल है।

बरामदगी-

- 1300/ रुपए नकद (चोरी के सामानों की बिक्री से प्राप्त)

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. करन पुत्र छोटे निवासी भमई थाना सिसोलर जनपद हमीरपुर।

पंजीकृत अभियोग-

1. मु0अ0सं0 12/26 धारा 331(4)/305/317(2) बीएनएस थाना जसपुरा जनपद बांदा।
2. मु0अ0सं0 77/26 धारा 331(4)/305/317(2) बीएनएस थाना जसपुरा जनपद बांदा।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त करन उपर्युक्त-

1. मु0अ0सं0 23/266 धारा 60 आब0अधि0 थाना सिसोलर जनपद हमीरपुर।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. व0उ0नि0 श्री प्रेम पाल सिंह
2. कां0 अजीत यादव